चोरी हो रही है और देश के बाहर इनकी तस्करी करके विदेशी बाजारों में बेचा जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो गत 10 वर्षों में कितने मूल्य के ऐसे जवाहारात, मूर्तियों, पुरा-अवशेष कलाकृतियों तथा दुर्लभ पांडु-लिपियों, आदि की चोरी/तस्करी हुई और सरकार द्वारा इसे रोकने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग तथा संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, हां।

(ख) मूल्य का अनुमान नहीं लगाया गया। पूरा-वस्तुओं की चोरी तथा उनकी तस्करी रोकने के लिए सावधानी पूर्वक चौकसी रखने तथा सीमा-शुल्क स्थानों पर जांच करने के लिए कदम उठाए गए है।

बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद

554. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद् के गठन के बारे में क्या स्थिति है ;

(ख) इसके वर्तमान सदस्यों की कुल संख्या कितनी है और उनके नाम क्या हैं ; और

(ग) यह कब तक पूरी तरह गठित हो जाएगी ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद् में कुलपति तथा कुलाध्यक्ष द्वारा नामांकित 8 व्यक्ति शामिल होते है। कुलाध्यक्ष के नामांकित व्यक्तियों की अवधि अभी समाप्त हुई है तथा नए नामांकन विचाराधीन हैं।

उ० प्र० के पौड़ी गढ़वाल में नवोदय विद्यालय और केन्द्रीय विद्यालय

555. **श्री राजनाथ सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) वर्ष 1993-94 में उत्तर प्रदेश के लिए मंजूर किए गए नवोदय विद्यालयों और केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या और उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश मे पौड़ी गढ़वाल जिले के पौड़ी क्षेत्र में कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार वर्ष 1994-95 में पौड़ी में एक नवोदय विद्यालय और एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार, 1993-94 के दौरान उत्तर प्रदेश में दो केन्द्रीय विद्यालय बलिया और देहरादून के दोनों ही जिलों में एक-एक खोले गए। नवोदय विद्यालय समिति ने सूचित किया है कि 1993-94 के दौरान उत्तर प्रदेश में नौ नवोदय विद्यालय खोले जाने की एक योजना थी लेकिन राज्य सरकार से उपयुक्त प्रस्ताव प्राप्त न होने की वजह से कोई भी विद्यालय नहीं खोला जा सका।

(ख) से (घ) पौड़ी गढ़वाल जिलों में लैंसडावन में पहले से ही एक केन्द्रीय विद्यालय है। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार पौड़ी गढ़वाल जिले में 1994-95 के दौरान एक नवोदय विद्यालय स्थापित किया जा सकता है बशर्ते कि शर्तों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा भूमि और रुपयाई आदि का प्रावधान हो।